'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 198 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रुपए वीरवार, 03 अक्टूबर 2024 samachargate@gmail.com

बडखल विधानसभा के भविष्य को संवारने के लिए कांग्रेस को वोट दें : विजय प्रताप

Page 3



## भाजपा युवा मोर्चा ने विपुल के समर्थन में निकाली 'नमो बाइक रैली'

### 12वीं कक्षा में फर्स्ट डिवीजन लाने वाले छात्रों को भाजपा देगी स्कूटी : विपुल गोयल



समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** विपुल गोयल के समर्थन में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने सागर सिनेमा, सेक्टर-16 से बाइक रैली निकाली, जिसमें सैंकड़ों की संख्या में युवाओं ने बाइक पर सवार होकर विपुल गोयल के समर्थन में वोट मांगे। बाइक यात्रा का नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विपुल गोयल कर रहे थे। रैली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए विपुल गोयल ने कहा कि युवा शक्ति के जोश, जुनून और उत्साह ये यह तय है कि फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के हर बूथ पर कमल खिल रहा है। भारतीय जनता पार्टी बूथ स्तर पर काम करने वाली पार्टी है और हमारा यूथ मजबूत है तो बूथ मजबूत है। हर बूथ पर कांग्रेस को शिकस्त देने का काम करेंगे हमारे युवा। विपुल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद विधानसभा सीट पर ऐतिहासिक मतों से जीतकर प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनने जा रही है। उनके समर्थन में निकाली गई विशाल 'नमो बाइक रैली' के सफल आयोजन के लिए उन्होंने युवा मोर्चा की प्रदेश एवं जिला इकाई का आभार व्यक्त किया।

युवाओं के साथ उत्साह से परिपूर्ण नजर आ रहे विपुल गोयल ने कहा कि आप लोगों की दुआएं मेरे साथ हैं, मुझे जीत से भला कौन रोक पाएगा। 5 अक्टूबर को सभी युवा साथी एक-एक बूथ पर मजबूती से डट जाएं और अपने आपको विपुल गोयल मानकर कड़ी मेहनत कर दें, निश्चित रूप से आपकी मेहनत रंग लाएगी और फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र में कमल को खिलने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने युवा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य विशु जी, युवा प्रदेश महासचिव जिते चौधरी, सचिन ठाकुर, प्रवेश मेहता सहित सभी युवाओं का धन्यवाद जताया और कहा कि आप लोगों के जोश ने फरीदाबाद विधानसभा में कमल की जीत को पक्का कर दिया है। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में एक बार फिर से हम प्रदेश का विकास करेंगे और युवाओं के हित में लिया गया भाजपा का संकल्प 2 लाख नौकरियां उन तक पहुंचाने का काम करेंगे। इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी महिलाओं को 2 हजार रुपए सम्मान राशि, 500 रुपए में गैस सिलेंडर एवं आयुष्मान कार्ड के तहत मिलने वाला 5 लाख का इलाज अब 10 लाख का होगा।

विपुल गोयल ने बुधवार को निवर्तमान पार्षद नरेश नंबरदार द्वारा खेड़ी पुल पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। रोड शो में उनके साथ हजारों की तादाद में लोग शामिल हुए और जगह-2 विपुल गोयल का लोगों ने फूल बरसाकर एवं बुके देकर स्वागत किया। रोड शो के दौरान विपुल को दुकानदार भाईयों एवं लोगों का खुलकर समर्थन मिला। इस दौरान विपुल गोयल ने बड़े-बुजुर्गों एवं माता-बहनों का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। रोड शो के दौरान विपुल गोयल ने 2014 की अपनी उपलब्धि गिनाते हुए कहा कि हमने मंत्री रहते हुए फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र में 115 करोड़ रुपए के विकास कार्य की सौगात दी। इसके अलावा फरीदाबाद में 2 हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्टस पास करवाए। इस दौरान नरेश नंबरदार नेल लोगों से अपील की, कि क्षेत्र के विकास में उनके अतुल्य योगदान को देखते हुए उन्हें फिर से विधायक बनाकर मोदी जी के हाथ मजबूत करने का काम करें। आने वाली 5 तारीख को अपना एक-एक वोट कमल के फूल पर डालकर प्रदेश में फिर से कमल खिला दें, विपुल गोयल को विधानसभा भेज दें।

## विजय संकल्प यात्रा में राव रामकुमार को मिला जनता का अपार समर्थन



समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** बुधवार को बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विजय संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। यह संकल्प यात्रा बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी राव राम कुमार के मार्गदर्शन में एंव उनके समर्थकों की मौजूदगी में निकाली गई। इस यात्रा में बल्लभगढ़ की जनता भारी संख्या में शामिल रही। यह यात्रा राव राम कुमार के मोहना रोड कार्यालय से शुरू होकर गुप्ता होटल, अग्रसेन चौक, अंबेडकर चौक, आकाश सिनेमा, वापसी में गुप्ता होटल और मोहना रोड कार्यालय पर समाप्त हुई। राव राम कुमार ने यात्रा के दौरान अंबेडकर चौक पर बाबा

**यात्रा के दौरान राव राम कुमार ने बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर और महाराजा अग्रसेन की मूर्ति पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया।**

**जनता ने उत्साहपूर्वक यात्रा में शामिल होकर फूल मालाओं से राव राम कुमार का स्वागत और समर्थन किया।**

साहेब भीम राव अंबेडकर की और अग्रसेन चौक पर महाराजा अग्रसेन की मूर्ति पर फूल माला अर्पण कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। यात्रा के दौरान जनता ने राम राम कुमार का फूल मालाओं से स्वागत किया और यात्रा में शामिल होकर अपना समर्थन भी दिया।

यात्रा में बल्लभगढ़ वासियों को संबोधित करते हुए राव राम कुमार ने अपने ज़मीनी कामों को जारी रखने का वादा किया। उन्होंने जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए कहा, हमें एक बार मौका दीजिए, हम एक साल के भीतर बल्लभगढ़ को विकास के शिखर पर पहुंचा देंगे। साथ ही, उन्होंने जनता से 5 अक्टूबर को सेब के चुनाव चिन्ह पर बटन दबाकर उन्हें समर्थन देने की अपील की, ताकि वे क्षेत्र की समस्याओं को दूर कर सकें। सभा के समापन पर उन्होंने सभी का धन्यवाद किया और गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपनी बात रखी।

यात्रा में शामिल हुई जनता ने राव राम कुमार को अपना समर्थन देते हुए कहा कि राव राम कुमार बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र 88 में एकमात्र ऐसे विकल्प के रूप में उभरे हैं जिन पर उन्हें पूर्ण विश्वास है। उनका मानना है कि इस बार बल्लभगढ़ की जनता उन्हें चुनकर लाएगी, और क्षेत्र में बदलाव अवश्य होगा।

## हरियाणा में कांग्रेस अब हुड्डा कांग्रेस बन गई, राहुल गांधी को भी अनुमति लेकर आना पड़ता है : रविशंकर प्रसाद

समाचार गेट/ब्यूरो

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद रविशंकर प्रसाद ने बुधवार को रोहतक स्थित भाजपा के प्रदेश मीडिया सेंटर में आयोजित एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित किया और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। श्री प्रसाद ने कहा कि वे देश के लगभग 8 प्रदेशों के प्रभारी रहे हैं, हर जगह अखिल भारतीय कांग्रेस सुनाई देता है, लेकिन ऐसा पहली बार हुआ है कि कांग्रेस यहाँ हुड्डा कांग्रेस बन गई है। इतना ही नहीं, राहुल गांधी को भी यहाँ अनुमति लेकर आना पड़ता है। हरियाणा में राहुल गांधी की एक पार्टी से गठबंधन की इच्छा थी, लेकिन हुड्डा साहब ने इससे इनकार कर दिया। आज के समय में कांग्रेस पार्टी का हुड्डाकरण देखकर आश्चर्यचकित होना स्वाभाविक है।

रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में जिस तरह से कुमारी शैलजा के साथ व्यवहार हुआ, वह सर्वविदित है। राहुल गांधी ने हरियाणा आकर दो लोगों के हाथ मिलवाए थे, लेकिन अच्छा होता अगर बंद कमरे में हाथ मिलवाते। मध्य प्रदेश में भी राहुल गांधी ने दिग्विजय सिंह और कमल नाथ का हाथ मिलवाया था, उसका परिणाम जगजाहिर है। छत्तीसगढ़ चुनाव के समय भी भूपेश बघेल और टी.एस. सिंहदेव के हाथ मिलवाए गए थे, जयपुर में भी अशोक गहलोत और सचिन पायलट के हाथ मिलवाए गए थे, लेकिन इन सबका परिणाम एक ही रहा है कि हर जगह कांग्रेस को हार मिली है।



वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि हरियाणा चुनाव में दो नैरेटिव बहुत स्पष्ट है। पहला, यह कि भाजपा सरकार के 10 वर्ष हुड्डा सरकार के 10 वर्ष पर बहुत भारी है और यह हरियाणा की जनता को तय करना है कि उन्हें किस 10 वर्ष का साथ देना है। दूसरा, हुड्डा सरकार में जो 83 हजार नौकरियां दी गई वह खर्ची और पर्ची के साथ दी गई, लेकिन भाजपा सरकार में 1 लाख 43 हजार युवाओं को बिना खर्ची और बिना पर्ची के नौकरियां दी गई।

रविशंकर प्रसाद ने कहा कि मैंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कैबिनेट में 8 वर्षों तक सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री के रूप में काम किया है और इस दौरान ही डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसी महत्वपूर्ण पहलों की शुरुआत की गई है। आज स्टार्टअप के क्षेत्र में भारत 7वें नंबर पर हैं, सबसे ज्यादा यूनिकॉर्न भारत में है और यह केवल भाजपा की नीतियों के कारण संभव हुआ है। आज दुनियाभर में गुरुग्राम आईटी के क्षेत्र में परचम लहरा रहा है। यह सब भाजपा सरकार की विकासशील और दूरदर्शी सोच के कारण ही संभव हो पाया है। ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में भी हरियाणा आज आगे बढ़ा है जिससे रोजगार के अवसर के साथ उद्यमशीलता को बढ़ावा मिला है।

श्री प्रसाद ने कहा कि गुरुग्राम के दो स्वरूप हैं पहला यह आईटी के हब के रूप में जाना जाता है और दूसरा यह कांग्रेस सरकार में दामाद को सहयोग करने के लिए चर्चा में रहता है। कांग्रेस का लैंड डील के साथ बहुत गहरा संबंध रहा है।

## घर-घर जाकर 100-100 गज का प्लॉट और दो कमरे के मकान की झूठी गारंटी का फार्म भरवाने वालों कांग्रेसियों के खिलाफ हाईकोर्ट जाएगी भाजपा

### चुनाव आयोग में की शिकायत




समाचार गेट/ब्यूरो

**चंडीगढ़।** पिछले कुछ दिनों से कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा लोगों के घरों में जाकर 100-100 गज के प्लाट और दो कमरों के मकान देने की झूठी गारंटी देकर इसके फर्जी फार्म भरवाने की कार्रवाई के खिलाफ भाजपा लिगल सेल ने चुनाव आयोग को शिकायत कर दी है। अब भाजपा लीगल सैल इस मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए हाईकोर्ट में भी जाएगी।

हरियाणा विधानसभा चुनाव अपने अंतिम दौर में है और इसी बीच भारतीय जनता पार्टी के लीगल सेल ने कांग्रेस के खिलाफ हरियाणा के मुख्य चुनाव आयुक्त पंकज अग्रवाल को शिकायत दी है। गौरतलब है कि कांग्रेस पार्टी समेत तमाम विपक्षी दल वोट बैंक हासिल करने के लिए जनता के बीच जाकर कई तरह के लोकलुभावन वादे और घोषणाएं कर रहे हैं। लेकिन चुनाव से पहले हरियाणा कांग्रेस पार्टी और उनके समर्थक वोट बटोरने के लिए लगातार आदर्श आचार सहिंता का भी उल्लंघन कर रही है। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता हरियाणा के अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर लोगों को 100 गज का प्लॉट और दो कमरे का मकान की गारंटी दे रहे हैं। इसके साथ ही लोगों को झांसे में लेकर उनकी फैमिली आईडी, आधार कार्ड और वोटर कार्ड भी लिए जा रहे है।

कांग्रेस समर्थक लगातार कई प्रकार के प्रलोभन देकर अपनी पार्टी के पक्ष में वोट डलवाने के लिए दबाव बना रहे है। इससे पहले कांग्रेस प्रत्याशियों की वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी, जिसमें युवाओं को वोट के बदले नौकरी का लालच दिया जा रहा था। फिलहाल भाजपा लीगल सेल ने इसको लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त हरियाणा को इसकी शिकायत दी है। पंकज अग्रवाल ने इसका संज्ञान लेते हुए जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। प्रदेश की जनता को आने वाले 5 अक्टूबर को बिना किसी भय, प्रलोभन और किसी भी राजनैतिक दल के दबाव में न आकर लोकतंत्र के पर्व में अपनी भागीदारी निभानी होगी।

भाजपा लीगल सैल के प्रदेश सह संयोजक राजीव मल्होत्रा ने कहा है कि कांग्रेस लोगों को बहका कर और गुमराह कर रही है, इसकी शिकायत चुनाव आयोग को कर दी गई है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस द्वारा आदर्श आचार सहिंता का उल्लघंन करते हुए लोगों को वोटों के लिए बरगलाने की इस कार्रवाई के खिलाफ भाजपा लीगल सैल वीरवार को हाईकोर्ट में भी जाएगी तथा कांग्रेस के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का कोर्ट से निवेदन करेगी।

## कांग्रेस का मकसद लोगों को बांटकर और झूठ बोलकर वोट बटोरना है : बिप्लब देब



समाचार गेट/ब्यूरो

**चंडीगढ़।** त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा चुनाव सह प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने हिसार की उचाना कलां विधानसभा में आयोजित पिछड़ा वर्ग सम्मेलन में कांग्रेस पर निशाना साधा। श्री देब ने कहा कि कांग्रेस ने हरियाणा को जातिवाद, भ्रष्टाचार और अराजकता के सिवाय कुछ नहीं दिया। कांग्रेस का मकसद लोगों को बांटकर वोट बटोरना है। भाई भतीजवाद और परिवारवाद को बढ़ावा देकर कांग्रेस ने हरियाणा को लूटने का काम किया है। बिप्लब देब ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारों ने पिछड़े वर्ग के बहनों-भाइयों के कल्याण के लिए अभूतपूर्व कार्य किये हैं। हरियाणा में भाजपा की सरकार ने भ्रष्टाचार समाप्त कर सुशासन की स्थापना की है।

बिप्लब देब ने कहा कि कांग्रेस दलित और पिछड़ा वर्ग विरोधी पार्टी है। कांग्रेस पर हमलावर होते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस में दम है तो वह पिछड़ा वर्ग से मुख्यमंत्री चेहरा की घोषणा करके दिखाए। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने गरीब और किसान घर के बेटे नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाया है। बिप्लब देब ने कहा कि सभी लोगों को एकजुट होकर हरियाणा में पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनानी है। भाजपा ने ओबीसी वर्ग के लिए अनेकों योजनाएं चलाई हैं जिनका लाभ लोगों को मिल रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ओबीसी के क्रीमी लेयर के लिए वार्षिक आय सीमा 6 लाख रुपये से बढ़ाकर 8 लाख रुपये की है। भाजपा ने ओबीसी कमीशन को संवैधानिक मान्यता देकर पिछड़े वर्ग के लोगों को सम्मान के साथ जीने का अधिकार दिया है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने ओबीसी वर्ग के छात्रों को 12 हजार से 20 हजार रुपये की छात्रवृत्ति देने की घोषणा की है। उन्होंने लोगों से वोट की अपील करते हुए कहा कि सभी एकजुट होकर भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाकर विधानसभा में भेजें।

## मुख्यमंत्री नायब सैनी के लाडवा रोड शो में उमड़ा जनैसलाब

### मथुरा सांसद और प्रसिद्ध अभिनेत्री हेमा मालिनी रोड शो में हुई शामिल

समाचार गेट/ब्यूरो

**चंडीगढ़/लाडवा।** लाडवा विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार शाम को अपने कार्यकर्ताओं को साथ लेकर लाडवा में भव्य रोड शो निकाला। जिसमें हजारों लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। नायब सिंह सैनी ने रोड शो के माध्यम से अपना शक्ति प्रदर्शन किया। इस रोड शो में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ मथुरा की सांसद एवं प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री हेमा मालिनी भी शामिल हुई। लाडवा में जगह-जगह रोड शो पर फूल बरसाकर लोगों ने जोरदार स्वागत किया और मुख्यमंत्री नायब सैनी को प्रचंड जीत के लिए आशीर्वाद दिया। रोड शो के दौरान पूरे लाडवा शहर की सड़कों पर मुख्यमंत्री नायब सैनी, उनकी धर्मपत्नी सुमन सैनी और मथुरा सांसद हेमा मालिनी ने भ्रमण किया और भाजपा की शक्ति का प्रदर्शन किया।



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा झूठ और लूट की राजनीति की है। कांग्रेस ने हरियाणा को झूठे वादे करके प्रताड़ित किया। नायब सैनी बोले कि उनको केवल 56 दिन का समय मिला, लेकिन इन 56 दिनों में ही इतने काम कर दिए कि कांग्रेस की बोलती बंद हो गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी तो ट्रेलर था 8 अक्टूबर के बाद पूरी फिल्म दिखाने का काम किया जाएगा। 8 अक्टूबर के बाद जब भाजपा सरकार तीसरी बार आएगी तो हरियाणा का तीव्र गति से विकास करवाया जाएगा।

सांसद हेमा मालिनी ने लाडवा की जनता से अपील करते हुए कहा कि आने वाली 5 अक्टूबर को भाजपा को वोट देकर इस बार लाडवा में कमल खिलाने का काम करें और विकास की गारंटी मुख्यमंत्री नायब सैनी के हाथ मजबूत करें। हेमा मालिनी नें कहा कि अगर लाडवा में कमल खिलेगा तो लाडवा विधानसभा क्षेत्र और पूरे हरियाणा प्रदेश में विकास तेजी से आगे बढ़ेगा।

लाडवा विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी नायब सैनी ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें लाडवा हलका की सेवा करने का मौका मिला है। प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनना तय है और लाडवा हलके और पूरे हरियाणा प्रदेश का सर्वांगीण विकास उनका मुख्य उद्देश्य है। जनता के आशीर्वाद के साथ वे लाडवा विधानसभा क्षेत्र में विकास को तेजी से आगे बढ़ाने का काम करेंगे।

# छत्तीस बिरादरी के आशीर्वाद से जीतेंगे पृथला का चुनावी रण : दीपक डागर



## पृथला क्षेत्र के लोगों ने भरी हुंकार, बोले दीपक डागर को चुनेंगे अपना प्रतिनिधि

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। पृथला विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार दीपक डागर के आह्वान पर आज गांव जाजरू स्थित शहीद भगत सिंह पार्क में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। इस जनसभा में पृथला क्षेत्र के 104 गांवों से हजारों की संख्या में आए बुजुर्ग, मातृशक्ति एवं युवाओं ने एक स्वर में दीपक डागर के पक्ष में हुंकार भरते हुए कहा कि इस बार पृथला क्षेत्र की जनता मेहनती, ईमानदार और अपने बीच में रहने वाले दीपक डागर को भारी मतों से जिताकर विधानसभा भेजने का काम करेगी।

जनसभा में आए लोगों ने दीपक डागर का फूल मालाओं एवं सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर स्वागत करते हुए कहा कि डागर पिछले कई वर्षो से पृथला क्षेत्र की निस्वार्थ भाव से सेवा कर रहे है, लोगों के सुख-दुख में आने-जाने की बात रही हो या फिर नाली-नालियों साफ करवाने या फिर स्ट्रीट लाईटें लगवाने तथा सड़कें बनवाने जैसे कार्य डागर ने पूरी निष्पक्षता से करके विधायक न होते हुए भी जनप्रतिनिधि का दायित्व बखूबी निभाया है इसलिए इस बार पृथला विधानसभा क्षेत्र की जनता दीपक डागर को विधायक चुनकर इस क्षेत्र को विकास के राह पर अग्रसर करने का काम करेगी। जनसभा में आए हुए सभी 104 गांवों की सरदारी को शीश झुकाकर नमन करते हुए दीपक डागर ने कहा कि जो प्यार और आर्शीवाद आप लोगों ने मुझे दिया है, उसे मैं कभी नहीं भुला पाऊंगा और आपको विश्वास दिलाता हूं कि अगर आपने मुझे जिताकर विधानसभा में भेजा तो आपकी सेवा और मान सम्मान में कभी कोई कमी नहीं छोड़ूंगा। डागर ने कहा कि यह चुनाव पृथला क्षेत्र के मान-सम्मान का चुनाव है और क्षेत्र की जनता भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा टिकट वितरण में किए गए भेदभाव का बदला वोट की चोट से देगी और बल्ले से छक्का मारकर उन्हें चंडीगढ़ भेजेगी। उन्होंने कहा कि आज समूचा पृथला क्षेत्र उनके साथ है और यही उनकी ताकत है और इसी ताकत के बलबूते पर वह यहां से चुनाव जितेंगे। जनसभा में मौजूद हजारों-हजारों की संख्या में मौजूद लोगों ने दोनों हाथ उठाकर दीपक डागर का समर्थन किया और उन्हें विश्वास दिलाया कि क्षेत्र की जनता उनके पक्ष में भारी मतदान करके उनकी जीत निश्चित करके ही दम लेगा।

# बड़खल विधानसभा के भविष्य को संवारने के लिए कांग्रेस को वोट दें : विजय प्रताप

## अजय भड़ाना द्वारा आयोजित विजय संकल्प जनसभा में उमड़ा जनसैलाब



समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। बडखल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विजय प्रताप का बुधवार को शिव दुर्गा विहार के ई एवं एफ ब्लॉक में अजय भड़ाना द्वारा आयोजित विजय संकल्प जनसभा में जबरदस्त स्वागत किया गया। जनसभा में विजय प्रताप का जेसीबी से फूल बरसाकर एवं ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। विजय प्रताप ने बुधवार को शिव दुर्गा विहार में पदयात्रा भी निकाली, जिसमें हजारों लोग शामिल हुए।

इस मौके पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए विजय प्रताप भारतीय जनता पार्टी पर जमकर बरसे और कहा कि पिछले 10 साल में फरीदाबाद को फकीराबाद बना दिया है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद जिला गुड़गांव के बाद सबसे ज्यादा टैक्स देने वाला जिला है और प्रदेश के एक चौथाई जिलों को संभालता है। लेकिन, इस सबके बावजूद हमारी पहचान क्या है। पूरा फरीदाबाद आज टोल सिटी बना दिया है। कहीं से भी घुस आओ आपको टोल देकर ही आना होगा और टोल देकर ही जाना होगा। जगह-जगह कूड़े के ढेर, हर चौराहों पर आपको ठेके देखने को मिलेंगे, गलियों में बहता हुआ सीवर आपको मिलेगा। आज फरीदाबाद की स्थिति ऐसी है कि सीवर का पानी मिलकर लोगों के घरे के पानी में आ रहा है। प्रोपर्टी आइडी, फैमिली आईडी के नाम पर लोगों को लूटा जा रहा है, लेकिन आप चिंता न करें कांग्रेस सरकार आने पर इन लूट के सभी साधनों को बंद किया जाएगा। उन्होंने लोगों से वादा किया कि किसी भी कीमत पर आपके मान-सम्मान को ठेस नहीं पहुंचने दूंगा। सेक्टर-48 में जो गंदगी का नरक बनाया हुआ है, उससे आप लोगों को मुक्ति दिलाऊंगा।

इसके अलावा कॉलोनी में दो सामुदायिक केन्द्र, हेल्थ सेंटर, बारात घर एवं बुजुर्गों के लिए दो क्लब बनाए जाएंगे, ताकि वो वहां अपना समय व्यतीत कर सकें। उन्होंने लोगों से अपील की, अपने विवेक का इस्तेमाल करते हुए, अपने भविष्य को ध्यान में रखकर अपना वोट कांग्रेस को दें। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक कांग्रेसी नेता अजय भड़ाना ने कांग्रेस प्रत्याशी विजय प्रताप को विश्वास दिलाया कि शिव दुर्गा विहार क्षेत्र का एक-एक वोट कांग्रेस के पक्ष में जाएगा और उन्हें विजयी बनाने का काम करेगा ताकि बडखल क्षेत्र के विकास के द्वार खुले और यहां भरपूर विकास हो सके।

# धनेश की जीत से पंजाबी समाज को मिलेगी सरकार में हिस्सेदारी : कृष्णपाल गुर्जर

## पंजाबी बाहुल्य इलाकों में धनेश अदलक्खा की पदयात्रा को मिला अपार जनसमर्थन



समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। बडखल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी धनेश अदलक्खा के संयोजन में पंजाबी बाहुल्य इलाके एक, दो, तीन, चार व पांच नंबर में विशाल पदयात्रा निकाली गई। इस पदयात्रा में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, पूर्व विधायक चंद्र भाटिया, भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा, निवतमान महापौर सुमन बाला एवं समूचे बडखल क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से हिस्सा लिया और लोगों से धनेश अदलक्खा को जिताने की अपील की। यह पदयात्रा प्रदीप फर्नीचर आर्य समाज रोड से शुरू होकर कल्याण सिंह चौक से सिंह सभा गुरुद्वारा होते हुए मिलाप दवाखाना चौक तक संपन्न हुई। इस दौरान जगह-जगह लोगों ने एकजुटता के साथ पदयात्रा का स्वागत किया और भरपूर समर्थन का आश्वासन दिया।

पदयात्रा के समापन पर मिलाप चौक पर एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि भाजपा ने पंजाबी समाज को दीपचंद भाटिया से लेकर कुंदनलाल भाटिया व सीमा त्रिखा जैसे सरीखे नेता दिए। उन्होंने कहा कि वह जातिवाद की नहीं बल्कि हिस्सेदारी की बात करते है। जब फरीदाबाद में तीन विधानसभा थी, तब पंजाबी समाज को एक सीट मिलती थी, लेकिन 2009 से 2024 तक कांग्रेस ने फरीदाबाद में पंजाबी समाज को एक भी सीट नहीं दी। पंजाबी समाज के वोट चाहिए, लेकिन हिस्सेदारी नहीं देनी। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद में ढाई लाख पंजाबी समाज के मतदाता है क्या इन्हें राजनीति में हिस्सेदारी नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बात धनेश अदलक्खा या कृष्णपाल गुर्जर की नहीं आपकी एकता की है इसलिए छोटे मसले में पडक़र अपनी हिस्सेदारी मत खो देना क्योंकि अगर इस बार अपनी एकजुटता नहीं दिखाई तो अगली बार भाजपा नेतृत्व भी यहां से किसी दूसरे समाज को टिकट देने के लिए विचार करेगा। इसलिए आपको यहां से धनेश अदलक्खा को जिताकर कांग्रेस को सोचने के लिए मजबूर करना है कि अगली बार वह भी यहां से पंजाबी उम्मीदवार उतारे। इस मौके पर पूर्व विधायक चंद्र भाटिया ने भी अपने संबोधन में धनेश अदलक्खा को जिताने की अपील करते हुए कहा कि यह बाहरी व्यक्ति नहीं है बल्कि मेरे घर के पीछे ही इनका घर है, जब आपने मुझे मेरे पिता स्व. कुंदनलाल भाटिया को एक बार और मुझे दो-दो बार विधायक बनाया है तो इस बार धनेश को विधायक बना दो, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि यह आपकी सेवा में कोई कमी नहीं छोड़ेगा।

इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी धनेश अदलक्खा ने आए हुए अतिथियों का आभार जताते हुए कहा कि मैंने तो हमेशा ही लोगों की सेवा की है, अब विधानसभा की जिम्मेवारी मिली है, आपको विश्वास दिलाता हूं कि विधायक नहीं बल्कि सेवक बनकर आपकी सेवा करूंगा और बडखल क्षेत्र से सभी समस्याएं समाप्त कर दूंगा। इस अवसर पर राधेश्याम भाटिया, पप्पू नागपाल, दिनेश भाटिया पार्षद, रोहित भाटिया, मनोज नासवा, राम जुनेजा, संदीप कौर, अमित आहूजा, रोहित भाटिया, गायत्री देवी, इस्लाम जी सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# कांग्रेस प्रत्याशी लखन सिंगला ने निकाला विशाल रोड शो, लोगों ने दिया अपार समर्थन



समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी लखन सिंगला कुमार ने बीती रात खेड़ी रोड से नहरपार तक विशाल रोड शो निकालकर अपना शक्ति प्रदर्शन किया। खेड़ी रोड से आरंभ हुआ यह रोड शो बाजारों से होते हुए नहरपार 45 फुट रोड पर समाप्त हुआ। रोड शो में हजारों-हजारों की संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाकर 'कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा जिंदाबाद, लखन कुमार सिंगला जिंदाबाद' के गगनचुंबी नारे लगाकर पूरे माहौल को कांग्रेसमय कर दिया। इस दौरान लोगों का जोश देखते ही बनता था और रोड शो के दौरान वह नाचते-गाते हुए इसमें शामिल हुए और सभी से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील करते नजर आए। लोगों के मिले अपार जनसमर्थन से गद्गद् लखन सिंगला ने कहा कि फरीदाबाद की छत्तीस बिरादरी ने जो मान सम्मान उन्हें दिया है, उसके वह ताउम्र ऋणी रहेंगे और हमेशा एक लायक बेटे की तरह क्षेत्र की सेवा में समर्पित रहेंगे। श्री सिंगला ने लोगों से भावनात्मक जुड़ते हुए कहा कि मैं जैसा भी हूं, आपका बेटा, आपका भाई हूं, आपकी सेवा में और मान सम्मान में कभी कमी नहीं आने दूंगा, इस बार वोट रुपी आर्शीवाद देकर मेरा 30 साल का वनवास खत्म कर दो, मुझे भी विधायक बनाकर चंडीगढ़ भेज दो। आपके क्षेत्र की विकास के मामले में कायाकल्प करने की जिम्मेदारी मेरे रहेगी। उन्होंने कहा कि चुनाव को अब दो दिन शेष बचे है, ऐसे में फरीदाबाद का प्रत्येक मतदाता अपने आपको 'लखन सिंगला' मानकर चुनावी रण में उतर जाए और फरीदाबाद के समुचित विकास और आने वाली पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए कांग्रेस को वोट दे। श्री सिंगला ने कहा कि आपके द्वारा दिया गया एक-एक वोट मुझे ताकत प्रदान करेगा, मुझे ताकत मिलेगी तो हरियाणा में कांग्रेस मजबूत होगी और मजबूत और स्थिर सरकार क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करेगी। इस दौरान कांग्रेस नेता कमल सौरोत, पूर्व पार्षद सुमेश चंदीला, वेदी प्रधान, ऋषि गुप्ता, श्रीचंद गौतम, बल्लू जैन, अजब सिंह नागर, बालकिशन वशिष्ठ कपिल जैन, प्रेम शर्मा, राकेश शर्मा, कैलाश सिंगला, बंटी आदि गणमान्य लोगों ने एक स्वर में कहा कि लखन सिंगला व सिंगला परिवार पिछले 30 सालों से लोगों की निस्वार्थ भाव से सेवा कर रहा है इसलिए अबकि बार फरीदाबाद क्षेत्र की जनता उन्हें अपना विधायक चुनकर चंडीगढ़ भेजने का काम करेगी ताकि वह फरीदाबाद का समुचित विकास करवा सके।

# तिगांव क्षेत्र की छत्तीस बिरादरी एकजुट होकर लड़ रही मेरा चुनाव : ललित नागर



## 84 पाल के बड़े गांव तिगांव में रोड शो, बड़ी जनसभा कर ललित नागर ने दिखाई अपनी राजनैतिक ताकत

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। तिगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं पंचायती उम्मीदवार ललित नागर ने कहा है कि वीरों की धरती तिगांव क्षेत्र उनका परिवार है, इस पावन धरा पर वह पैदा हुए, बुजुर्गो की उंगली पकडक़र चलना सीखा और पिछले बीस सालों से एक लायक बेटे की तरह इस क्षेत्र की सेवा कर रहा हूं।

उम्मीद थी कि इस बार हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनाएगी और हम जीतकर उसमें तिगांव क्षेत्र की भागेदारी रखेगी और क्षेत्र की सभी समस्याओं को दूर कर लोगों की सेवा करेंगे, लेकिन नामांकन से एक दिन पहले कांग्रेस ने उनकी टिकट काट दी, वह हताश हो गए कुछ समझ नहीं आ रहा था, तभी मेरे बुजुर्गो, मेरे नौजवान साथियों ने भारी तादाद में एकत्रित होकर मुझे हौंसला दिया और कहा कि कांग्रेस ने टिकट काट दी तो क्या हम आपको क्षेत्र की छत्तीस बिरादरी की टिकट पर चुनाव मैदान में उतारेंगे और जनता ने मुझे अपना पंचायती उम्मीदवार चुन लिया और आज तिगांव क्षेत्र की छत्तीस बिरादरी ही मेरा चुनाव लड़ रही है।

उन्होंने कहा कि पिछले 25 दिनों के दौरान जो प्यार, सम्मान और आर्शीवाद मुझे क्षेत्र की जनता ने दिया है, मैं उसका ऋण कभी नहीं उतार सकता, लेकिन यह यकीन जरूर दिलाता हूं कि कभी आपके विश्वास को कभी नहीं तोडूंगा और हमेशा तिगांव की चौरासी का मान-सम्मान बढ़ाने का काम करूंगा। पंचायती उम्मीदवार ललित नागर बुधवार को तिगांव में आयोजित जनआर्शीवाद जनसभा में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व ललित नागर ने गांव फरीदपुर से तिगांव मुख्य बाजार में रोड शो करते हुए जनसभा स्थल तक पहुंचे, जहां उनके समर्थकों ने पुष्प वर्षा करके, ढोल नगाड़ों व डीजे के माध्यम से उनका स्वागत करते हुए एक स्वर में उनके समर्थन में हुंकार भरी। इस दौरान सर्व समाज की ओर से ललित नागर को सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर एवं बड़ी माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। लोगों के मिले अपार स्नेह व समर्थन से भावुक होते हुए ललित नागर ने कहा कि मैंने बीस सालों के दौरान तिगांव क्षेत्र की हर चौखट पर अपना शीश झुकाया है और सभी को मान-सम्मान दिया है, मैं जैसा भी हूं आपका बेटा, आपका भाई हूं और आज मैं आपके समक्ष झोली फैलाकर आपसे मतरुपी समर्थन मांग रहा हूं, जो प्यार और आर्शीवाद आपने मुझे इतने दिनों तक दिया है, बस दो-तीन दिन और इसे बरकरार रखे और पांच अक्टूबर को मेरे चुनाव चिन्ह 'नारियल के चार पेड़' बैलेट नंबर दस पर अधिक से अधिक वोट देकर मुझे जिताने का काम करे। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि मेरी रगों में भी तिगांव क्षेत्र की धरा का ही खून दौड़ रहा है, मैं ऐसे काम करूंगा, जिससे तिगांव की चौरासी का नाम पूरे हरियाणा में शिखर पर पहुंचे।

# प्रधानमंत्री के आह्वान के बाद पृथला क्षेत्र में निश्चित तौर पर खिलेगा कमल : पं. टेकचंद शर्मा

## भाजपा प्रत्याशी को चुनावी सभाओं के माध्यम से मिला लोगों का अपार जनसमर्थन




समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। गदपुरी में हुई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनआर्शीवाद रैली की सफलता के बाद पृथला क्षेत्र की राजनीतिक फिजा पूरी तरह से भाजपामय हो गई है। गांवों में छत्तीस बिरादरी के लोग भाजपा प्रत्याशी पं. टेकचंद शर्मा को विजयी बनाने के लिए एकजुट होकर पृथला क्षेत्र में निश्चित तौर पर कमल खिलाने का मन बना चुके है। अपने चुनावी अभियान के तहत पं. टेकचंद शर्मा ने जनौली, भनकपुर, कबूलपुर बांगर, अगवानपुर, मीरापुर, मुजेडी, कुरारा, अगवानपुर सहित कई गांवों में जनसंपर्क करके लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। लोगों ने कहा कि टेकचंद शर्मा एक स्वच्छ छवि के राजनेता है, जिन्होंने हमेशा पृथला क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी है इसलिए अबकि बार वह फिर से टेकचंद शर्मा को विधानसभा भेजकर पृथला क्षेत्र के विकास के द्वार खोलेंगे। गांवों में जगह-जगह टेकचंद शर्मा का ग्रामीणों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हुए उन्हें विजयश्री का आर्शीवाद दिया। सभाओं को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी पं. टेकचंद शर्मा ने कहा कि पृथला क्षेत्र उनका परिवार है और इस परिवार की वह वर्षो से लायक बेटे की तरह सेवा करते आ रहे है, 2014 में जब आपने मुझे विधायक चुना तो सरकार के साथ मिलकर मैंने रिकार्ड 2500 करोड़ के विकास करवाकर नया कीर्तिमान स्थापित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की 90 विधानसभा में सबका साथ-सबका विकास की नीति के तहत बिना भेदभाव समान विकास कार्य करवाएं, पृथला क्षेत्र में भाजपा का विधायक न होने के बावजूद सरकार ने यहां विकास करवाने में कोई कोर कसर बाकि नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि छत्तीस बिरादरियों का समर्थन जिस प्रकार से उन्हें मिल रहा है, उससे स्पष्ट हो गया है कि इस बार जनता विकास का साथ देते हुए पृथला क्षेत्र में कमल खिलाने का काम करेगी। श्री शर्मा ने कहा कि अगर क्षेत्र की जनता ने उन्हें विजयी बनाकर विधानसभा में भेजा तो इस क्षेत्र को फरीदाबाद ही नहीं अपितु हरियाणा की सबसे बेहतर विधानसभा बनाना उनका लक्ष्य रहेगा। लोगों को बिजली, पानी, सडक़ें जैसी सुविधाओं के साथ-साथ युवाओं को रोजगार दिलवाना उनकी प्राथमिकता में शुमार रहेगा।



## प्रियदर्शन ने 14 साल बाद अक्षय के साथ सहयोग को बताया चैलेंजिग



बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने हाल ही में 14 साल बाद निर्देशक प्रियदर्शन के साथ अपने पुनर्मिलन की घोषणा की। अभिनेता-निर्देशक की जोड़ी ने हॉरर-कॉमेडी फिल्म भूत बंगला के लिए टीम बनाई है। उनके सहयोग ने सिनेप्रेमियों को काफी उत्साहित कर दिया है और वे इसका इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में अक्षय के साथ हेरा फेरी, भूल भुलैया, भागम भाग, दे दना दन और गरम मसाला जैसी फिल्मों में काम कर चुके प्रियदर्शन ने कहा कि वे 14 साल बाद एक साथ आए हैं और अपनी तरफ से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे हैं, लेकिन दर्शकों की उम्मीदों पर खरे नही उतर पा रहे हैं। आईफा अवार्ड्स 2024 के ग्रीन कार्पेट पर अपनी हालिया उपस्थिति के दौरान, प्रियदर्शन ने 14 साल बाद अक्षय के साथ फिर से जुड़ने के बारे में बात की और बताया कि कैसे वह दर्शकों की उम्मीदों को प्रबंधित नहीं कर सकते। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, मैंने उनके साथ जो भी फिल्म बनाई वह सुपरहिट रही है। लोग कहते हैं कि अक्षय कॉमेडी करते हैं इसका कारण आप हैं, लेकिन मैं उन सब चीजों पर विश्वास नहीं करता। प्रियदर्शन ने आगे कहा, मैंने जो किया वह (स्क्रीन पर) उनकी हास्य की भावना का फायदा उठाना था। हम 14 साल बाद काम कर रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि चीजें काम करेंगी। यह एक चुनौती है। हम दर्शकों की अपेक्षाओं से मेल नहीं खा सकते लेकिन मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहा हूं।

अक्षय किस तरह के अभिनेता हैं, इस बारे में बात करते हुए निर्देशक ने कहा कि अमिताभ बच्चन के बाद अक्षय ऐसे अभिनेता हैं जो समर्पित हैं और समय पर काम करते हैं। प्रियदर्शन ने भूल भुलैया के पहले भाग का निर्देशन किया था जिसमें अक्षय कुमार और विद्या बालन ने अभिनय किया था। भूल भुलैया 3 की आगामी रिलीज पर प्रतिक्रिया देते हुए, प्रियदर्शन ने कहा कि अनीस बज्मी ने भूल भुलैया के दूसरे भाग के साथ अच्छा काम किया था और उन्हें लगता है कि वह तीसरे भाग के साथ भी ऐसा ही करेंगे। प्रियदर्शन भूल भुलैया के सीक्वल भागों का निर्देशन करने के लिए वापस नहीं लौटे क्योंकि फिल्म निर्माता अपनी फिल्मों के सीक्वल का निर्देशन करने में विश्वास नहीं करते हैं।



# नेपोटिज्म के चलते कई फिल्मों से हाथ धो बैठे ये सितारे

बॉलीवुड इंडस्ट्री में तमाम कलाकारों ने नेपोटिज्म का सामना किया है। दिवंगत सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद इस विषय पर हर उस कलाकार ने बात की थी, जो इसका शिकार हुए हैं। बॉलीवुड इंडस्ट्री में कई खानदान वर्षों से राज करते हुए आए हैं। ऐसे में इंडस्ट्री के बाहर के सितारों को अपनी जगह बनाने के लिए कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

### रकुल प्रीत सिंह

इस लिस्ट में सबसे पहला नाम आता है अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह का। रकुल ने हाल ही में नेपोटिज्म के बारे में बात की। रकुल ने यह खुलासा किया कि स्टारकिड्स के चलते उनके हाथों से भी कई फिल्में छीन ली गई हैं। हालांकि, रकुल इस बात से उदास नहीं होतीं। उन्होंने कहा कि भले ही फिल्में नही मिली, लेकिन इससे उनके मन में कड़वाहट पैदा नहीं होती, बल्कि वह सोचती हैं कि ये फिल्में उनके लिए नहीं थीं।


### प्रियंका चोपड़ा

इस लिस्ट में अगला नाम आता है प्रियंका चोपड़ा का। बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर तय कर चुकी अभिनेत्री नेपोटिज्म और इंडस्ट्री में हो रही गंदी राजनीति पर खुलकर बात कर चुकी हैं। अभिनेत्री के लिए हॉलीवुड का रुख करने का कारण नेपोटिज्म भी था। दरअसल, बॉलीवुड में उन्हें नेपोटिज्म का शिकार होना पड़ा था। उन्होंने बताया कि किस तरह से बॉलीवुड में उन्हें अलग थलग कर दिया था। उन्हें निर्देशक और निर्माताओं ने फिल्मों में काम देना बंद कर दिया था, जिसके चलते वह काफी परेशान हो गई थीं।

### तापसी पन्नू

इस लिस्ट में अगला नाम आता है अभिनेत्री तापसी पन्नू का। साउथ इंडस्ट्री में अभिनय का दम दिखाने के बाद तापसी आज बॉलीवुड में भी राज कर रही हैं। हालांकि, उन्हें भी अपने करियर के दौरान नेपोटिज्म का शिकार होना पड़ा है। एक इंटरव्यू के दौरान तापसी ने बताया था कि उन्हें रातों-रात एक फिल्म से बाहर कर दिया गया था। इस फिल्म में बाद में एक स्टार किड को कास्ट किया गया था।

### कृति सेनन



बॉलीवुड की हॉट अभिनेत्री कृति सेनन भी इस लिस्ट में शामिल हैं। कृति अब बॉलीवुड में अपने कदम जमा चुकी हैं। इसके साथ ही अभिनेत्री ने हाल ही में अपना प्रोडक्शन हाउस ब्लू बटरफ्लाई फिल्म्स भी लॉन्च किया है। कृति ने बॉलीवुड में फिल्म हीरोपंती से करियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म के बाद उन्होंने इंडस्ट्री में तमाम फिल्मों में काम किया है।

### सुशांत सिंह राजपूत

दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत एक बेहतरीन अभिनेता थे। उन्होंने अपने अभिनय के दम पर इंडस्ट्री में जगह बनाई थी। हालांकि, इस दौरान उन्होंने नेपोटिज्म का कई बार सामना किया था। कई बार सीधे तौर पर अभिनेता ने इंटरव्यू में बताया था कि उन्हें नेपोटिज्म का सामना करना पड़ा है। कई बार उनके हाथ से अच्छी फिल्में निकल गई हैं। उनकी मौत के बाद इंडस्ट्री में नेपोटिज्म के मुद्दे ने तूल पकड़ लिया था, जिसके बाद तमाम सेलेब्स ने इंडस्ट्री में हो रहे भेदभाव का खुलासा किया था।

### राजकुमार राव

राजकुमार राव आज बॉलीवुड के बेहतरीन अभिनेता माने जाते हैं। उन्होंने अपनी नेचुरल एक्टिंग से करोड़ों दर्शकों का दिल जीता। हालांकि, करियर के शुरुआत में उन्हें अपनी पहचान और नाम बनाने के लिए काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। इस दौरान वह कई बार नेपोटिज्म का भी शिकार हुए और कई फिल्मों से बाहर निकाले गए।





## आईफा उत्सवम में अवार्ड पाने वाली मृणाल ठाकुर ने कहा, यह मेरी पूरी टीम की जीत है

हाय नन्ना, लस्ट स्टोरीज 2, सीता रामम और कई अन्य फिल्मों में अपने दमदार अभिनय से पहचान बनाने वाली अभिनेत्री मृणाल ठाकुर आईफा उत्सवम में पुरस्कार जीतने पर बेहद खुश हैं। अभिनेत्री ने हिट फिल्म 'हाय नन्ना' में यशना की भूमिका के लिए आईफा में ट्रॉफी जीती है। मृणाल ने कहा, मैं इस अवॉर्ड के लिए बहुत आभारी हूं। मेरे लिए यशना की भूमिका निभाना वास्तव में एक खास अनुभव था, जिसने मुझे प्यार और भावना की गहराई के बारे में जानने का मौका दिया। मैं अपनी इस सफलता का सारा श्रेय अपने निर्देशक, प्रतिभाशाली सह-कलाकारों और पूरी टीम को देती हूं। यह पुरस्कार सिर्फ मेरा नहीं है। यह हमारी पूरी टीम की कड़ी मेहनत और समर्पण का फल है।

उन्होंने आगे कहा, मैं इस सफर को जारी रखते हुए दर्शकों के साथ और भी बेहतर कहानियां शेयर करने के लिए तैयार हूं। यह मेरा पहला आईफा अवार्ड है। इस अवॉर्ड को रानी मैम और ऐश्वर्या मैम जैसे कलाकारों के साथ शेयर करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। मृणाल के दिल को छू लेने वाले अभिनय ने उनके प्रशंसकों के दिलों में गहरी छाप छोड़ी है। जटिल किरदारों में अच्छे से फिट होने की उनकी क्षमता ने उन्हें इंडस्ट्री की खास अभिनेत्रियों में से एक बना दिया है। मृणाल की आने वाली फिल्मों पर एक नजर डाले तो वह बॉलीवुड सुपरस्टार अजय देवगन के साथ अपकमिंग फिल्म 'सन ऑफ सरदार' में नजर आएंगी। फिल्म का निर्देशन विजय कुमार अरोड़ा ने किया है। उनके पास 'पूजा मेरी जान' और वरुण धवन के साथ डेविड धवन की एक कॉमेडी फिल्म भी पाइपलाइन में है।



## आयरनमैन ट्रायथलॉन से लौट कर सैयामी ने हैदराबाद में शुरू की फिल्म की शूटिंग

मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्री सैयामी खेर ने सनी देओल के साथ अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। वह हाल ही में आयरनमैन ट्रायथलॉन में भाग लेकर जर्मनी से लौटी हैं। इस फिल्म का नाम अभी तय नहीं हो पाया है। फिल्म में वह सनी देओल के साथ नजर आएंगी। सैयामी खेल के प्रति अपने जुनून और अपने काम के बीच संतुलन बना रही हैं। काम पर वापसी के बारे में बात करते हुए सैयामी ने कहा, आयरन मैन 70.3 को पूरा करना मेरा लंबे समय से सपना रहा है। उन्होंने अपने पोस्ट में बताया, इस रेस में भाग लेकर अब मैं तरोताजा महसूस कर रही हूं और अब मैं उसी ऊर्जा को सेट पर वापस ला रही हूं। सनी सर के साथ काम करना विशेष अनुभव प्राप्त करने जैसा है। मैं हैदराबाद में टीम के साथ इस यात्रा को जारी रखने के लिए बहुत उत्साहित हूं। सैयामी को हाल ही में ओटीटी प्लेटफार्म पर स्ट्रीमिंग हुई मूवी 'शर्माजी की बेटी' में देखा गया था। इस फिल्म में वह साक्षी तंवर, दिव्या दत्ता, परवीन डबास और शारिब हाशमी के साथ नजर आई थीं। यह फिल्म 28 जून, 2024 को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी।

## मैंने उनके लेवल को भी नहीं छुआ है, आलिया से तुलना किए जाने पर बोलीं अनन्या



अनन्या पांडे अपनी नई फिल्म कंट्रोल को लेकर चर्चा में चल रही हैं। अभिनेत्री जोरो-शोरों से इस फिल्म का प्रमोशन कर रही हैं। अनन्या की यह फिल्म एआई पर बनी है, अब हाल ही में अनन्या से आलिया को लेकर एक सवाल पूछा गया, जिसके जवाब को लेकर उनकी खूब सराहना हो रही है। फिल्मीज्ञान के साथ एक साक्षात्कार में अनन्या ने पूछा गया कि लोग उनकी आलिया के साथ तुलना करते हैं, इस पर वह क्या सोचती हैं। इसके जवाब में अनन्या ने कहा कि यह एक बड़ा कॉम्प्लीमेंट है, लेकिन मुझे नहीं लगता है कि मैंने आज तक वह लेवल भी छुआ है, जो आलिया ने आज तक किया है। अनन्या के इस जवाब की लोग जमकर तारीफ कर रहे हैं।



## शक्तिमान की कास्टिंग के लिए तीन घंटे तक मुकेश खन्ना को मनाते रहे रणवीर सिंह

अभिनेता मुकेश खन्ना अपने बेबाक बयानों को लेकर काफी चर्चा में रहते हैं। अभिनेता शब्दों को तोड़-मरोड़ कर पेश नहीं करते हैं। पिछले दिनों खबर आई थी कि फिल्म में शक्तिमान का किरदार रणवीर सिंह निभाएंगे, लेकिन मुकेश खन्ना रणवीर को इस किरदार में कास्ट करने को लेकर भड़क गए थे और इस खबर का पूरी तरह से खंडन भी कर दिया था। अब अभिनेता ने बताया है कि रणवीर सिंह ने उन्हें शक्तिमान की कास्टिंग स्वीकार करने के लिए तीन घंटे तक मनाया था। हालांकि, इसके बाद भी वह नहीं माने थे।

### शक्तिमान का रोल करना चाहते थे रणवीर सिंह

रणवीर सिंह को शक्तिमान के रूप में कास्ट किए जाने पर सोशल मीडिया पर अपनी असहमति जताने के बाद मुकेश खन्ना ने अब बताया है कि रणवीर ने उन्हें कास्टिंग स्वीकार करने के लिए मनाने के लिए पर्सनली उनसे मुलाकात की थी। हालांकि, मुकेश ने रणवीर को साफ बता दिया था कि शक्तिमान के किरदार के लिए अभिनेता में जो क्वालिटी होनी चाहिए, वह रणवीर सिंह में नहीं थी। अब हाल ही में बॉलीवुड ठिकाना से बात करते हुए मुकेश ने कहा, अब लोगों को पता चल गया है कि रणवीर सिंह मुझे शक्तिमान की भूमिका निभाने के लिए मनाने आए थे। मैं इसे छिपा भी नहीं सकता क्योंकि बाद में लोगों ने कहा कि मैंने रणवीर की तारीफ की और उन्हें एक बेहतरीन अभिनेता कहा। रणवीर के शक्तिमान की भूमिका निभाने की पुष्टि होने की खबरें आने लगीं, लेकिन मैंने इसके लिए हामी नहीं भरी थी।

### मुकेश खन्ना ने नहीं दी मंजूरी

अभिनेता ने आगे कहा, मेरा सोनी के साथ भी टकराव है और मैंने एक वीडियो डालकर बताया था कि मैंने रणवीर को भूमिका निभाने की मंजूरी नहीं दी है और इसका कारण यह है कि...रणवीर उस दिन मेरे सामने तीन घंटे तक बैठा रहा, लेकिन आखिरकार मुझे उन्हें बताना पड़ा कि उसके चेहरे पर जो दिखना चाहिए था, वह नहीं था। वह चंचल लग रहा है, जैसे कोई दूसरों को धोखा दे सकता है। लेकिन वह एक बेहतरीन अभिनेता हैं। जब मैंने उनकी तारीफ की तो मैंने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री में उसके जैसी एनर्जी किसी और में नहीं है, लेकिन मैंने उन्हें इस भूमिका के लिए मंजूरी नहीं दी। उन्हें बुरा लगा होगा। हालांकि, इंडस्ट्री में यह निर्माता ही होता है जो अभिनेता को कास्ट करता है, न कि कोई और। वह फोटोशूट एक बहुत बड़ी वजह थी, जिसकी वजह से मैं खफा था। जब मैंने वह फोटोशूट देखा, तो मैंने कहा, क्या कर रहा है यार।



## जब तक निकाह नहीं होगा, अपना रिलेशनशिप पब्लिक नहीं करेंगी सना

सना सुल्तान अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी चर्चा में रहती हैं। बिग बॉस ओटीटी 3 के बाद से सना काफी लाइमलाइट में रहती हैं। अब हाल ही में एक साक्षात्कार में सना से उनकी लव लाइफ के बारे में पूछा गया। इस पर अभिनेत्री ने कहा कि शादी से पहले वह अपने रिलेशनशिप का खुलासा नहीं करेंगी। अभिनेत्री ने आगे हिंट देते हुए कहा कि वह किसी के साथ रिश्ते में तो हैं, लेकिन वह इस इंडस्ट्री से नहीं है। इसके साथ ही सना ने बताया कि आज कल रिश्ते ज्यादा इसलिए टूटते हैं क्योंकि जो चीज लोगों को बाद में करनी वह पहले ही कर लेते हैं।

